जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-3 | जयपुर, सोमवार, 22 जनवरी, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### मुख्यमंत्री ने ली संभाग स्तरीय अधिकारियों की अहम बैठक

## भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्य योजनाएं बनाएं विभाग : मुख्यमंत्री

### युवाओं को नशे से बचाना हमारी पहली जिम्मेदारी

### जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से की चर्चा



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभी विभाग भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्य योजनाएं बनाएं, जिन्हें चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित कर आमजन को अधिकतम लाभ दिया जा सके। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज सभागार में संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में शर्मा ने कहा कि अगले 20-25 साल की जरूरतों को केन्द्र में रखकर योजनाएं निर्मित करने से वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ मजबूत भविष्य का आधार भी तैयार किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा आमजन की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। इनसे जुड़े प्रोजेक्ट की निरंतर समीक्षा हो तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट भेजी जाएं। अधिकारी अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें ताकि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। सभी कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इसके लिए औचक निरीक्षण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा। प्रत्येक योजना में गुणवत्ता, समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### युवाओं को नशे से बचाना हमारी मुख्य प्राथमिकता

शर्मा ने संभाग के विभिन्न जिलों में अपराध की स्थिति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी लेते हुए संभाग के जिलों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। पुलिस स्थानीय संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों के साथ सहयोग और संवाद करते हुए एक अभियान के रूप में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। इसके लिए डिजिटल फिल्म का उपयोग किया जाए। बैठक में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में ऊर्जा के साथ-साथ खनिज की अपार संभावनाएं हैं। यहां पोटाश की खोज की गई है। साथ ही, नाल क्षेत्र में कच्चे तेल, लिथियम, हीलियम, नेचुरल गैस के क्षेत्र में भी ओएनजीसी द्वारा रिसर्च किया जा रहा है। सोलर के क्षेत्र में यहां 21 हजार करोड़ का निवेश यहां किया जा चुका है।

**जल जीवन मिशन के लक्ष्य तय सीमा में प्राप्त करें**

शर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में हुई प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल इस संभाग की बड़ी समस्या है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें और निर्धारित समय में योजना के लक्ष्य प्राप्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभिन्न योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करें। समस्याओं को चिन्हित कर प्रभावी समाधान की दिशा में प्रयास करें।

**भारत को विकसित बनाना हर नागरिक का सपना**

मुख्यमंत्री ने संभाग के विभिन्न जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में हुई प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के सम्पूर्ण क्रियान्वयन के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यदि किसी भी योजना में कोई पात्र वंचित रहता है तो संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिले में सड़कों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता खराब पाई जाने पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



## हाईकोर्ट में होगी सिस्टम असिस्टेन्ट के 230 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती

**जोधपुर (हमारा वतन)** राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने राजस्थान उच्च न्यायालय कर्मचारी सेवा नियम, 2002 के अंतर्गत सिस्टम असिस्टेन्ट के 230 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये हैं। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी, 2024 को सायं 5 बजे तक तथा परीक्षा शुल्क जमा कराने की समय सीमा 4 फरवरी, 2024 को सायं 5 बजे तक रहेगी।

चयनित अभ्यर्थी नियमानुसार दो वर्ष की अवधि तक 18,500 रूपये प्रतिमाह पारिश्रमिक पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में रहेंगे। परिवीक्षा काल सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें नियमानुसार पे-मैट्रिक्स लेवल संख्या स्-8 के अनुसार पे-स्केल 26,300-83500 रूपये देय होगा।

आवेदक दिशा-निर्देशों के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबवाईट http://www.hcraj.nic.in का अवलोकन करें । सामान्य श्रेणी के 85, आर्थिक पिछड़ा वर्ग के 23, एससी के 36, एसटी के 27, ओबीसी के 48 एवं मोस्ट बेकवर्ड क्लास के लिए 11 पद आरक्षित हैं।

## फलाहारी बाबा ने किया श्री शिर्डी साईं मंदिर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन



**चौमूं (हमारा वतन)** ईटावा भोपजी में स्थित श्री शिर्डी साईं मंदिर में 1 से 3 फरवरी तक आयोजित होने वाले त्रयोदशम पाटोत्सव व विशाल साई सत्संग और कन्या प्रसादी का पोस्टर विमोचन श्री श्री 1008 चेतन दास महाराज (फलाहारी बाबा) ने किया। इस मौके पर साई मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने चेतन दास महाराज को माला पहनाकर पाटोत्सव की सफलता का आशीर्वाद लिया । पोस्टर विमोचन के दौरान श्री राजपूत सभा चौमूं अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ईटावा, गोपाल शर्मा, रामदयाल, पप्पू, लक्षमण जागिड़ सीताराम जाट, कृष्ण यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जयपुर कल्चरल सोसायटी के एहसास-5 कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर कल्चरल सोसायटी द्वारा सोसायटी के संस्थापक स्वर्गीय आनंद गंगवार की तृतीय पुण्यतिथि पर 'आयोजित एहसास-5- अगर तुम ना होते' का पोस्टर विमोचन आज वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्य गुरु उषा श्री के कर कमलों से संपन्न हुआ।



सोसायटी अध्यक्ष कंचन आनंद ने बताया कि यह संगीत संध्या 'बर्मन टू बर्मन-अगर तुम ना होते' थीम पर 10 मार्च 2024 को जयपुर के झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शाम 5 बजे से आयोजित की जाएगी । करीब 30 कलाकार पहली बार लाइव बैंड पर प्रस्तुति देंगे । स्वर्गीय आनंद गंगवार को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएस मेहता और वरिष्ठ अभिनेत्री - नृत्य गुरु उषा श्री रहेंगी । प्रोग्राम के डायरेक्टर संजय चंदनानी और जेसीएस के सेक्रेटरी मुकेश पारीक हैं । पोस्टर विमोचन के दौरान सिंगर अजोय कल्ला, सिम्मी कालरा आदि लोग भी मौजूद रहे ।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

**संस्था के केन्द्र**
उत्पादन केंद्र : 4 | बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 | होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुआ भजन संध्या और विशाल पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** गोविंदगढ़ पंचायत समिति के तिगरिया मोड़ स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में महंत बालकदास महाराज के पावन सानिध्य में भजन संध्या और विशाल पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

महन्त बालकदास महाराज ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान राधा कृष्ण को भोग लगाया और सभी के लिए सुख शाति की प्रार्थना की। राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गयी। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। गायक कलाकार भंवर राणा, रामावतार धानोता



और दिनेश ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। शाम को मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। यह कार्यक्रम सभी ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस दौरान मंदिर व्यवस्थापक सुमेंद्र यादव, दीपक शर्मा, विकास खातोदिया, उमेश शर्मा, प्रकाश नाथ, गिरधारी मीणा, लालचंद यादव, भाया धांसील, कानाराम यादव, राम सहाय कनिनवाल, प्रकाश यादव, मुकेश जादम सहित कई लोग मौजूद रहे।



## शादी के लिए करना चाहते हैं धर्म परिवर्तन तो पहले पढ़ लें ये ख़बर

**नई दिल्ली (संस्कार सृजन)** दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतर-धार्मिक विवाह के मकसद से धर्म परिवर्तन करने वालों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें कहा गया है कि धर्म बदलने की सहमति को लेकर कुछ डॉक्यूमेंट देने होंगे। शख्स को एक हलफनामा दायर करना होगा, जिसमें कहा गया हो कि वह शादी के लिए धर्म को बदलने के फैसले के नतीजों के बारे में जानता है। अदालत ने कहा कि दूसरे धर्म को अपनाने वाले व्यक्ति की सहमति जरूरी है। साथ ही इस फैसले से जीवन पर पड़ने वाले असर के बारे में उसे जानकारी होनी चाहिए।



हाई कोर्ट ने कहा कि धर्मांतरण का सर्टिफिकेट धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति की स्थानीय भाषा में भी होना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि वह अपने फैसले को अच्छी तरह से समझ सके। अदालत ने कहा, संबंधित अधिकारियों को धर्मांतरण के बाद अंतर-धार्मिक विवाह के वक्त दोनों पक्षों की उम्र, वैवाहिक इतिहास और वैवाहिक स्थिति को लेकर हलफनामा प्राप्त होना चाहिए। हालांकि, विशेष विवाह अधिनियम के तहत होने वाली शादियों में इससे छूट होगी। इसके साथ ही एक हलफनामा इसे लेकर भी दायर किया जाना जरूरी है कि यह धर्मांतरण स्वेच्छा से हो रहा है।

**स्थानीय भाषा में हो विवाह और धर्मांतरण का सर्टिफिकेट**

अदालत ने अपने फैसले में इस बात पर जोर दिया कि विवाह और धर्मांतरण का सर्टिफिकेट स्थानीय भाषा में भी होना चाहिए। अगर धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति की ओर से बोली और समझी जाने वाली भाषा हिंदी के अलावा दूसरी हो तो उस भाषा की ही इस्तेमाल करना होगा। हालांकि, दिल्ली एचसी ने यह भी साफ कर दिया कि अपने मूल धर्म में वापस आने वाले व्यक्ति पर यह दिशानिर्देश लागू नहीं होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि धर्म बदलने वाला शख्स अपने मूल धर्म के बारे में पहले से ही अच्छी तरह जानकारी रखता है। कोर्ट ने कहा कि धर्मांतरण को लेकर कोई कानून या तरीका तय नहीं किया जा रहा है, मगर अदालतों को फिलहाल इसका पालन करना होगा।

## प्रिंस सेकंडरी स्कूल में हुआ श्री राम जन्मभूमि मंदिर महोत्सव का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** खादी बाग रोड, रावण गेट चौमू स्थित प्रिंस सेकंडरी स्कूल में श्री राम जन्मभूमि मंदिर महोत्सव का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र नागर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व डायरेक्टर कैलाश चौधरी ने श्री राम के आदर्शों व शिक्षा के महत्व के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम ने मर्यादित रहते हुए बुराइयों का अंत किया था। सभी को अयोध्या में होने जा रही श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई व शुभकामनाएं दी। डायरेक्टर कैलाश चौधरी ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों का उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिये उत्साहवर्धन किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य ओ पी पारीक व प्रिंस स्कूल जयपुर के प्रधानाचार्य व डायरेक्टर अभिषेक चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मे विद्यार्थियों द्वारा सीता स्वयंवर, शूर्पणखा संवाद, सीता हरण, राम हँसा शर्मा, अंजलि पारीक आदि ने विद्यालय में अतिसुन्दर सजावट की व



शबरी मिलन, राम राज्याभिषेक आदि अनेकानेक मनभावन व जीवंत प्रस्तुतियो का मंचन किया गया।

कार्यक्रम को जीवंत बनाने के लिये शिक्षिका ममता जांगिड़, नीता शर्मा, मिथिला टेलर,संजू कुमावत, प्रिया गुलिया,सरोज कुमावत, अंजना शर्मा, प्रेम कुमावत, निकिता सिंह, प्रियांशु शर्मा, अंगिता कुमावत, दुर्गा सैन, सुनीता सैनी, कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम मे प्रस्तुति देने वाले बच्चों को डायरेक्टर कैलाश चौधरी, ओ पी परीक, अभिषेक चौधरी ने पारितोषिक वितरित कर उत्साह वर्धन किया। मंच संचालन पिंकी शर्मा किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय कॉर्डिनेटर ममता जाँगीड ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## श्री शिर्डी साईं मंदिर में हुआ भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी ग्राम स्थित श्री शिर्डी साईं मंदिर में साईं भक्त श्रवण कुमार मीणा के द्वारा भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया। मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि साईं भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने पर आज भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो कन्याओं ने प्रसादी पायी। इससे पूर्व साईंनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया।

इस दौरान सीताराम मीणा, कुश एस कुमार मीणा, हितेश कुमार मीणा, सतीश कुमार मीणा, अंजू मीणा, सुनीता मीणा, लक्ष्मी मीणा, सीता देवी, जितेंद्र सिंह नाथावत, अंजलि नाथावत, आयुषी नाथावत, सूरदास सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महुआ ने सरकारी बंगला खाली किया

नई दिल्ली(एजेंसी)। कैश फॉर क्रेरी मामले में सांसदी जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा से सरकारी बंगला भी छिन गया है। उन्होंने शुक्रवार (19 जनवरी) को दिल्ली के टेलीग्राफ लेन स्थित बंगला नंबर 9 बी खाली कर दिया। महुआ के वकील ने बताया कि डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स के अधिकारी आज बंगला खाली करवाने आए थे। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही सुबह 10 बजे तक बंगला खाली हो चुका था। वकील ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को बंगले की चाबी सौंप दी है। बेदखली की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स ने 16 जनवरी को नोटिस भेजकर महुआ से फौरन बंगला खाली करने को कहा था। इससे पहले डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स ने महुआ को 7 जनवरी और 12 जनवरी को नोटिस भेजा था। कैश फॉर क्रेरी केस में 8 दिसंबर 2023 को महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म की गई थी।


www.hamarawatan.com हमारा वतन देश का अपना चैनल News Paper, News Channel, News Portal

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

संस्कार सृजन शान हिन्दुस्तान की www.sanskarnews.page News Paper, NewsChannel, News Portal



हमारा वतन समाचार पत्र के संरक्षक बाबूलाल सैनी

09 APRIL 1942 - 20 JAN 2023

"हमारा वतन" समाचार पत्र के संरक्षक स्वर्गीय श्री बाबूलाल जी सैनी की प्रथम पुण्यतिथि दिनांक 20-01-2024 पर सादर श्रद्धांजलि ! आप हमेशा मार्गदर्शक बनकर हमें रास्ता दिखाते रहेंगे ! आप हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे !



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

अंबेडकर विकास समिति चौमूं

जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद

दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान



मोहन लाल बुनकर अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा मंत्री | शंकर लाल वर्मा सहा. मंत्री


## जॉब्स-

1. आरआरबी, पद असिस्टेंट लोको पायलट, पद संख्या 5696, अंतिम तिथि 19 फरवरी 2024
2. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद एसआई एएसआई, पद संख्या 921, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2024
3. डीएसएसएसबी, पद एलडीसी, स्टेनोग्राफर, जूनियर असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 2354, अंतिम तिथि 7 फरवरी 2024
4. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जूनियर पर्सनल असिस्टेंट, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 9 मार्च 2024
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद विधि रचनाकार, पद संख्या 9, अंतिम तिथि 4 फरवरी 2024
6. डीएसएसएसबी, पद सेक्शन ऑफिसर हॉर्टिकल्चर, पद संख्या 108, अंतिम तिथि 7 फरवरी
7. यूपीपीएससी, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 220, अंतिम तिथि 29 जनवरी 2024
8. आरएसएमएसएसबी, पद एनिमल अटेंडेंट, पद संख्या 5934, अंतिम तिथि 17 फरवरी 2024

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**

- खादी आश्रम कोटा
- खादी आश्रम बूंदी
- खादी आश्रम मांगरोल
- खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष
कमल किशोर शर्मा - मंत्री
प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## खादी ग्रामोद्योग भण्डार



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

**हमारे खादी उत्पादन**
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

**ग्रामोद्योग उत्पाद**
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

**हमारे बिक्री भण्डार :** ▪ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
▪ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ▪ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❇ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❇ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❇ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❇ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❇ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❇ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❇ खादी निकेतन, बागीदौरा
❇ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## राजस्थान खादी संघ

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्ड़ार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।
❒ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष
गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री
महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री



## राघब चंद्र नाथ कर रहे उत्तर प्रदेश में सचेतनता शिविर

**उत्तर प्रदेश (हमारा वतन)** असम के हैलाकांदी जिले के राघब चंद्र नाथ उत्तर प्रदेश में सचेतनता शिविर कर रहे हैं। उन्होंने स्कूल/ कॉलेज/ यूनिवर्सिटी / संगठन के हेड/ वाइस चांसलर/ प्रिंसिपल / एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी को सबसे पहले अपने सचेतनता शिविर एवं मिशन के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं , संगठन के सदस्यों से बात करके उन्हें भी समझाया एवं सचेतन किया। राघब चंद्र नाथ ब्लड डोनेशन, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, अंग दान, वृक्ष रोपण, डिजिटल साक्षरता, जेन्डर समानता, बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण, नशा मुक्त अभियान आदि विषयों पर सचेतनता शिविर एवं कार्य कर रहे हैं उनका लक्ष्य है कि भारत के सभी जिले में जाकर ऐसा कार्य करें एवं भारत के हर जिले के नाम से पुस्तक लिखेंगे ताकि पर्यटन बढे। उन पुस्तकों में प्रसिद्ध स्थान, पर्यटक स्थान, ऐतिहासिक स्थान, प्रसिद्ध खाना आदि विषयों पर लेख प्रकाशित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के लिए जो पुस्तक लिखेंगे उसका नाम है 'व्यू ऑफ उत्तर प्रदेश', जो कि इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बुक नंबर के साथ प्रकाशित किया जाएगा। राघब चंद्र नाथ ने इस पुस्तक के लिए चाप्टर/ अध्याय देने के लिए उत्तर प्रदेश वासियों को आमंत्रित किया है।

## रंगीलो राजस्थान सांस्कृतिक कार्यक्रम का कृषि मंत्री ने किया शुभारम्भ




**सवाई माधोपुर (हमारा वतन)** सवाई माधोपुर स्थापना दिवस उत्सव के अवसर पर कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के सौजन्य से शुक्रवार को सवाई माधोपुर जिले के शहर स्थित राजबाग मैदान में रंगीलो राजस्थान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। कृषि मंत्री ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर निवाई की यशोदानंद एण्ड पार्टी ने गणेश वंदना का गायन किया। छबड़ा बांरा की तस्वीर एण्ड पार्टी ने चकरी नृत्य प्रस्तुत किया। करवर बूंदी के हरिशंकर नागर एण्ड पार्टी द्वारा बैल नृत्य, निवाई की कृष्णा शर्मा एण्ड पार्टी ने मयूर नृत्य, सीकर की ज्योति शर्मा एण्ड पार्टी ने राजस्थानी नृत्य, साहबाद बांरा की गोपाल धानूक एण्ड पार्टी ने सहरियां स्वांग नृत्य, निवाई की रामप्रसाद एण्ड पार्टी ने कच्ची घोड़ी अलगोजा नृत्य, सीकर की प्रकाश शर्मा एण्ड पार्टी ने कृष्णारास फूलों की होली इत्यादि सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं आर्ट ऑफ लिविंग के डॉ. सौरव शेखावत व टीम द्वारा राम, जय-जय राम भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी मौजूद रहे ।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# राम से बड़ा राम का नाम...

वनवास की आज्ञा को राम लोक कल्याण के उदात्त परिप्रेक्ष्य में आकर जीवन का स्वर्णिम अवसर मानते हैं। राज्य और वनवास में अयनशील राम को कोई अंतर दिखाई नहीं देता। उनके अनुसार वनवास में लोक कल्याण की जो संभावना है, वह संभवत राज्य के पालन में नहीं है। विश्व महानायक राम का नाम युगो-युगो से जन के मन पर छाया हुआ है। राम का नाम चिरंजीवी रहेगा तथा अपनी गरिमा के समस्त वैभवों से विश्व मानस को संत अर्पण प्रदान करता रहेगा। सचमुच राम का नाम कल्पवृक्ष है। वाल्मीकि ने राम पर काव्य रचना की और आदिकवि की संज्ञा प्राप्त कर अमर हो गए।


राम गोपाल सैनी

आचार्य रविषेण, आचार्य गुणभद्र, आचार्य विमलसूरि तथा स्वयंभू और पम्प ने एक से एक उत्तम भाव प्रवण पुराण एवं काव्य साहित्य में रामचरित लिखे हैं। संस्कृत के स्वतंत्र महाकवियों तथा मैथिलीशरण गुप्त ने राम पर काव्य रचना की है। एक हजार से अधिक दुनिया भर की विविध भाषाओं में राम की गाथा को पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि काल की समस्त सत्ता को ललकार कर और विस्मृति के संपूर्ण उत्पादनों को निरस्कृत कर राम का यह अद्भुत चरित्र लोक मानस में प्रतिक्षण नवीन होकर चिरंजीवी हो रहा है।श्रीराम का चरित्र वस्तुतः साकार और निराकार, निर्गुण एवं सगुण, अलख तथा लख, अव्यक्त एवं व्यक्त परमेश्वर 'ब्रह्म' का संशयरहित आभामय साकार प्रकटीकरण ही है। गोस्वामी तुलसीदास ने परमेश्वर के इन दोनों शाश्वत स्वरूपों का अत्यन्त स्पष्ट और पुष्ट रेखांकन प्रभु श्रीराम के अवतार वर्णन में किया है-

**ब्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुन बिगत बिनोद।**
**सो अज प्रेम भगति बस कौसल्या के गोद।।**

सनातन धर्म में निर्गुण और सगुण तथा निराकार एवं साकार परमेश्वर के भ्रम का निराकरण मजबूत आध्यात्मिक तर्कशक्ति से किया गया है और यह निराकरण इस धर्म की विशाल वैचारिक पृष्ठभूमि एवं उदारता के साथ इसकी अद्भुत विलक्षण विशेषता भी कही जा सकती है। तत्वतः निराकार परमेश्वर ही भक्तों के प्रेमवश उसके कल्याण हेतु साकार रूप में प्रकट होते हैं-

**अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई।।**

निराकार 'ब्रह्म' भक्तों के प्रेमवश तो साकार स्वरूप में प्रकट होते ही हैं लेकिन वह परमेश्वर लोकरक्षा के लिए भी साकार रूप ग्रहण करते हैं एवं विविध अवतार के माध्यम से अपनी मनोरम लीला के साथ विभिन्न कालखण्ड में इस लोक में अवतरित होते रहते हैं।

# मिलावट जघन्य अपराधः विधानसभा अध्यक्ष देवनानी



**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मसाला उत्पादकों का आह्वान किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुद्ध से युद्ध अभियान के अनुसरण में मसालों की गुणवत्ता और शुद्धता पर सर्वाधिक ध्यान दें क्योंकि यह सीधा जन स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। मसालों में मिलावट का कोई स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे बड़ा जघन्य अपराध और कोई नही हो सकता।

देवनानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में दो दिवसीय 11वां 'ग्लोबल स्पाइस सम्मिट' में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समिट में देश-विदेश के विख्यात पांच सौ से अधिक मसाला उद्यमियों ने भाग लिया।

देवनानी ने कहा कि मसाला उत्पादकों का यह उत्तरदायित्व होना चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करे कि मसालों की गुणवत्ता इतनी अधिक उच्च स्तर की हो कि इनका उपयोग होने से जन स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं हो सके। भारत के मसालों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान है और इसकी सुगंध सात समंदर पार तक पहुंच रही है और आज भारत से 60 प्रतिशत मसालों का निर्यात हो रहा है और इसका कारोबार 1.60 लाख करोड़ का है जो बढ़ कर 3.00 लाख करोड़ तक पहुंचने वाला है। उन्होंने मसाला उत्पादकों से अपील की कि वे मसालों में रत्ती भर मिलावट नहीं होवे उसे सुनिश्चित करे। साथ ही स्व रोजगार को बढ़ाने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करे।

# प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन ने समाजसेवा के कार्य कर मनाई दूसरी वर्षगांठ

**जयपुर (हमारा वतन)** प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के फ़ाउंडर डायरेक्टर डॉक्टर पीयूष शाह और कविता पंजवानी ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ केक काटकर और बच्चों को अल्पाहार देकर फ़ाउंडेशन की दूसरी वर्षगांठ मनायी। साथ ही बच्चों को स्टेशनरी का सामान भी वितरित किया गया। कविता पंजवानी ने बताया कि प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन समय-समय



पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहता है। जैसे सैनिटरी पैड्स बाँटना, रोज़गार की ट्रेनिंग देना, हेल्थ कैंप लगाना आदि । प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन आगे भी ऐसे कार्य करता रहेगा । इस कार्यक्रम में राजेश कृष्णा , कविता सक्सेना , रिया दगडा , अनिल रोड़ा , सपना फुटेला , शिखा शर्मा , जीया कुमावत और कई गणयमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## (कविता) राम आयेंगे

हाथ में ले ध्वजा धारण कर भगवा,
राम जपते अवध को जायेंगे।
वि.सं.2080 पौष शुक्ल द्वादशी को,
निज धाम प्रभु श्रीराम आयेंगे।

आए अवध से पूजित अक्षत,
राम छवि पत्रक सबको पहुंचायेंगे।
आनंद विभोर पुरुषोत्तम भक्ति में,
जयकारा जय श्रीराम लगायेंगे।

बजायेंगे ढोल-नगाड़े कर आतिशबाजी,
दिवाली से दीप प्रज्वलित होंगे अपार।
अनुपम शोभा होगी अवध नगर की,
निरखेगी दृश्यावली विस्मित हो संसार।

रघुकुल शिरोमणि जनक नंदिनी प्रिय,
दशरथ नंदन का प्रभुत्व चहुंओर फैलायेंगे।
हो रहे मृगशिरा नक्षत्र अनुपमेय बेला में,
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का संदेश पहुंचायेंगे।

अनुज लक्ष्मण माता जानकी संग,
केशरी लाल के चरण हम पखारेंगे।
धन्य होंगे दर्शन पाकर रामलला के,
नैनसुख पा छवि श्री रामचन्द्र की
बसायेंगे।



– महेन्द्र सिंह कटारिया,
नीमकाथाना,
राजस्थान

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर –231001

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी ❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

शाखा केन्द्र
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित

भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा